# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 31.08.2026 / संजय / 11:00 बजे

## प्रादेशिक समाचार

### विधानसभा

प्रदेश विधानसभा सभा का मानसून सत्र तीन दिन के अवकाश के बाद आज फिर शुरू होगा। सदन की कार्यवाही दोपहर बाद 2 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इस दौरान अनेक विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में लोगों से सहयोग की अपील की है। कांगड़ा जिला के देहरा में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के सभी रास्ते बंद करने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टोलरेंस की नीति अपना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल सभी लोगों से उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों का ब्यौरा मांगा जाएगा और ऐसी संपत्तियों को जब्त कर गरीबों में वितरित किया जाएगा।

### विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं होगी और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के कोटीबाई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और सुधार कार्यों पर लगभग 120 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में किसी भी अवरूद्ध सड़क को 24 घंटे के भीतर खोलने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### विरोध प्रदर्शन

प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 18 संगठनों के पैंशनरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कल शिमला के चौड़ा मैदान में एक विशाल आक्रोश रैली निकालने का निर्णय लिया है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि ये धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक पैंशनर्स की सभी देनदारियां सरकार द्वारा चुकता नहीं की जाती। उन्होंने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि पेंशनर्स व कर्मचारियों को 15 प्रतिशत महंगाई भत्ते सहित अन्य मांगों के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही दिए जा रहे हैं।

**<u>जनगणना</u>**

प्रदेश के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में जनगणना का दूसरा चरण कल से शुरू हो रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य, रोजगार शिक्षा और अन्य सामाजिक पहलुओं से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सिरमौर जिले में भी बर्फबारी वाले नौहराधार क्षेत्र के 10 गांवों में भी ये जनगणना होगी। हमारे सिरमौर जिला संवाददाता ने बताया कि इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**मौसम**

प्रदेश के अनेक भागों में कल हुई व्यापक वर्षा के बाद आज अधिकांश क्षेत्रों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिले में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 3 सितंबर तक प्रदेश के कई जिलों में अंधड़ व भारी बारिश की संभावना जताई गई है। विभाग के मुताबिक इस मानसून सीजन में अब तक प्रदेश में सामान्य से 10 फीसदी कम बारिश हुई है।

**<u>बीएसनएल</u>**

उधर लाहौल स्पीति जिला के उदयपुर उपमंडल की मयाड़ घाटी में बाढ़ के कारण बाधित हुई बी एस एन एल की दूरसंचार सेवा बहाल हो गई है। सेवा बहाल होने से घाटी के लोगों ने राहत की सांस ली है। लोगों ने इसके लिए विधायक अनुराधा राणा व बीएसएनएल के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

—————————————